नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण

(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

अध्यक्ष महोदय का संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं !!

जैसा आप सभी को ज्ञात है कि केंद्र सरकार का कार्यालय होने के नाते, हम सभी का यह संवैधानिक और सांविधिक कर्तव्य है कि अपने राष्ट्र, संविधान और राजभाषा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए हमें सरकारी कार्य संघ की राजभाषा हिंदी यानि राजकीय भाषा में करना है। हिंदी के सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने के लिए इस वर्ष विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं, हिंदी कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। एनएमपीए में इस वर्ष हिंदी दिवस- 2022 के उपलक्ष्य में अलग-अलग वर्ग के अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षु, संविदागत स्टाफ के लिए हिंदी अनुवाद, सुलेख, चित्र कथा लेखन, निबंध लेखन, श्रुतलेख, चित्र पहचानो, एकल गीत गायन (फिल्मी), समूह गीत गायन, वर्ग पहेली, वर्णानुक्रम, अंताक्षरी और के.वी नं.1 एवं एनएमपीए हाईस्कूल के छात्र/छात्राओं के लिए एकल गीत गायन (देशभक्ति), इत्यादि कुल 16 हिंदी प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।

व्यावसायिक परिप्रेक्ष्य में पत्तन प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2021-2022 ने सभी क्षेत्रों में चाहे वह यातायात हो या वित्त, नुमाइशी वृद्धि देखी है। पिछले दो वर्षों में महामारी के कारण यातायात में ठहराव के बावजूद, हम चुनौतियों से बाहर आ सके, पिछले वर्ष 2020-21 में 36.50 मिलियन टन की तुलना में वर्ष 2021-2022 में 39.30 मिलियन टन संचालन करके हमने ट्रैफिक थ्रूपुट में 7.66% की वृद्धि हासिल की है।

मुझे यह बताते हुए अति प्रसन्नता हो रही है कि एनएमपीए ने वर्ष 2020-21के लिए संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), मंगलूरु से 'प्रथम पुरस्कार' प्राप्त किया है। हमारा कार्यालय नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), मंगलूरु का सक्रिय सदस्य है और इस समिति द्वारा आयोजित अर्धवार्षिक बैठकों में अग्र-सक्रिय होकर हमारी ओर से इसमें उपस्थिति दर्ज की जाती है। नराकास, मंगलुरु का सदस्य कार्यालय होने के नाते, नराकास के तत्वावधान में एनएमपीए द्वारा इस सितंबर माह में सदस्य कार्यालयों के लिए 'राजभाषा ज्ञान' प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इसके साथ-साथ नराकास, मंगलुरु को लगातार वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

मुझे यह बताते हुए सुखद अनुभूति हो रही है कि इस बार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 14 से 15 सितम्बर दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन सूरत, गुजरात में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा किया गया। उक्त सम्मेलन में मेरे द्वारा भी उपस्थिति दर्ज की गई।

अत: मैं, एनएमपीए परिवार से अपील करता हूँ कि राजभाषा कार्यान्वयन की गति तीव्र करने के लिए अपने कार्यालय के कामकाज में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करके हम राजभाषा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करें।

आइए, हम सभी आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'हिंदी दिवस' के अवसर पर सरकारी कार्य हिंदी में करते हुए कर्तव्य पथ पर चलने का संकल्प लें।

जय हिंद !

पणंबूर, मंगलूर
14 सितंबर, 2022

(डॉ. वेंकट रमणा अक्कराजु)
अध्यक्ष

आज़ादी का अमृत महोत्सव

नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण

(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

आईएसओ 9001:2015, 14001:2015 एवं आईएसपीएस अनुपालनकर्ता पत्तन

पणंबूर, मंगलूर, कर्नाटक

विश्व बाज़ार के लिए आपका प्रवेशद्वार

Your gateway to the World Market

प्रोफाइल Profile

- आधुनिक पोत यातायात प्रबंधन प्रणाली युक्त सर्वऋतु पत्तन
- आईपीओएस एवं ईआरपी चालित प्रचालन और प्रशासन
- पर्याप्त भंडारण क्षेत्र की उपलब्धता – ढके हुए और खुले हुए दोनों
- पीओएल, अन्य तरल कार्गो और सामान्य कार्गो की हैंडलिंग के लिए डीप ड्राफ्ट बर्थ
- हरित एवं स्वच्छ पत्तन
- औद्योगीकरण के लिए भूमि उपलब्ध

संपर्क Connectivity

- 5 राष्ट्रीय राजमार्ग – 66, 75, 69, 73 एवं 275 से सड़क संपर्क
- दक्षिणी, दक्षिण पश्चिमी एवं कोंकण रेलवे का संगम बिन्दु
- कंटैनरों के लिए नियमित फीडर सुविधा – साप्ताहिक 3-4 कॉल

कार्गो प्रोफाइल Cargo Profile

- भारत में सबसे बड़ा कॉफी निर्यातक पत्तन
- भारत में दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी हैंडलिंग पत्तन
- अत्याधुनिक सीमेंट टर्मिनल वाला पहला पत्तन
- ओवर डायमेंशनल कार्गो (ओडीसी) एवं भारी मशीनरी की हैंडलिंग के लिए आदर्श
- विशिष्ट मशीनीकृत कंटेनर हैंडलिंग बर्थ

संपर्क करें: दूरभाष: +91 824 2407300
फैक्स : +91 824 2408390
ईमेल : chairman@nmpt.gov.in

कृपया www.newmangaloreport.gov.in पर विज़िट करें